Regarding extension of Banaras Pratapgarh passenger train to Raebareli junction

श्री किशोरी लाल **(**अमेठी**) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी और रायबरेली की तरफ आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । बनारस-प्रतापगढ़ पैंसेजर ट्रेन (ट्रेन संख्या 55141) है, जो कि बनारस रेलवे स्टेशन से सुबह छः बजे चलती है और वह नौ बजकर पन्द्रह मिनट पर प्रतापगढ़ पहुंचकर टर्मिनेट हो जाती है । यह ट्रेन वहां पर आठ घंटों तक खड़ी रहती है ।

महोदय, मेरी इस सदन के माध्यम से यह मांग है कि इस ट्रेन को रायबरेली जंक्शन तक चलाया जाए । कोरोना काल में बहुत सारी पैसेंजर ट्रेन्स बंद कर दी गई थीं । अगर इस ट्रेन का ठहराव वहां तक बढ़ा दिया जाएगा, तो इन जंक्शनों के बीच जो छोटे-छोटे अन्य रेलवे स्टेशन्स हैं, वहां के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा ।